

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 96 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 03 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# हम उस पार्टी के कार्यकर्त्ता है जो केवल देश की भलाई की चिंता करती है - शैलेन्द्र बरूआ

## भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्त्ता स मेलन संपन्न



सिवनी यशोः- भाजपा ही एक मात्र ऐसा राजनैतिक दल है जो देश के स मान और गौरव को बढाने के लिये काम करता है । हमे भाजपा का कार्यकर्त्ता होने पर गर्व होता है कि हम ऐसे राजनैतिक दल के कार्यकर्त्ता है जिसकी प्राथमिकता में देश है । हमारी पार्टी मानती है कि देश पहले पार्टी बाद में और देश के अन्य राजनैतिक दल अपने परिवार और अपनी सत्ता के लिये देश हित को भी दांव पर लगाते है । कांग्रेस ने न तो राष्ट्रपिता गांधी का स मान किया और न ही देश के संविधान निर्माता डॉं भीमराव अंबेडकर का । महात्मा गांधी देश के विभाजन के विरोध में थे परंतु पंडित नेहरू के सत्ता मोह के कारण देश का विभाजन हुआ और जो कांग्रेस आज वोट की राजनीति के लिये संविधान निर्माता बाबा साहेब को आदर्श बताती है उस कांग्रेस ने बाबा साहेब डो टर अंबेडकर को चुनाव हराने के लिये अनेक तरह के षडयंत्र किये थे और पंडित नेहरू स्वयं डॉं टर अंबेडकर के विरोध में चुनाव प्रचार करने पहुँचे थे कांग्रेस की असलियत जनता को बताने की आवश्यकता है इसका असली चेहरा बहुत विक्रतियों वाला है कांग्रेस ने देश को बहुत नुकसान पहँचाया है । जबकि भाजपा ने डॉं टर अंबेडकर को सच्चा स मान देने के लिये पंच तीर्थ को भव्यता दी है । कांग्रेस की नीति और नीयत के कारण देश में विकास और गरीब कल्याण की योजनाओं को आमजनता तक पहुँचने में लंबा समय लगा । यह बात भारतीय जनता पार्टी के सिवनी विधानसभा कार्यकर्त्ता स मेलन को संबोधित करते हुये कार्यक्रम के मु य वक्ता मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष केबीनेट मंत्री दर्जा प्राप्त शैलेन्द्र बरूआ ने बाहुबली लॉंन में कही । उपस्थित कार्यकर्त्ताओं को भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, चुनाव प्रबंधन समिति के जिला संयोजक भाजपा के वरिष्ठ नेता वेदसिंह ठाकुर, एवं सिवनी विधायक दिनेश राय ने भी संबोधित किया ।

जिला भाजपा सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि सिवनी विधानभा क्षेत्र में निवासरत प्रदेश के पदाधिकारी, पूर्व प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, पूर्व जिला अध्यक्ष, सांसद एवं विधायक, पूर्व सांसद पूर्व विधायक, विधानसभा संयोजक, विधानसभा प्रभारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल कार्यसमिति, मोर्चा प्रकोष्ठों की कार्यसमिति, बूथ समिति के पदाधिकारियों को इस स मेलन में आपेक्षित थे ।

स मेलन में उपस्थित कार्यकर्त्ताओं को कार्यक्रम के मु यवक्ता श्री शैलेन्द्र बरूआ ने संबोधित करते हुये कहा कि जिस संकल्प के साथ आजादी की लड़ाई लड़ी गयी थी कांग्रेस ने उसका अपमान किया और संकल्प के विपरीत काम किया देश के स्वाभिमान को बढाने की दिशा के विपरीत कांग्रेस ने काम किया । आजादी के बाद केवल ब्रिटिश हुकूमत का झंडा बदल परंतु नीतियाँ वहीं रही परिणाम यह रहा कि देश के मूल संस्कार, हमारे स्वाभिमान के प्रतिक उपेक्षित रहे देश के महानयाको की उपेक्षा हुई । देश में लंबे समय तक कांग्रेस ने शासन किया परंतु देश में विकास और गरीब कल्याण की ओर ध्यान नहीं दिया देश के सीमित वर्ग को लाभ पहुँचाने के लिये कांग्रेस ने काम किया ।

श्री बरूआ ने कहा कि देश में भाजपा के नेतृत्व ने राष्ट्रीय स मान के साथ अंत्योदय की चिंता की देश को विकास की मु यधारा से जोड़ने के लिये युद्ध स्तर पर काम किये आज हर क्षेत्र में भारत का स मान बढ़ा है पूरी दुनिया भारत की बात गौर से सुन रही है और हमारी पार्टी में सामान्य कर्त्ता को भी पर्याप्त अवसर प्रदान किया जा रहा है जबकि कांग्रेस सहित अन्य राजनैतिक दल परिवाद को बढावा देते है । हमारे यहाँ चाय बेचने वाला भी प्रधानमंत्री बन सकता है परंतु अन्य राजनैतिक दलों में ऐसा नहीं है ।

श्री बरूआ ने कहा कि हमारा सौभग्य है कि हम भाजपा के कार्यकर्त्ता है योकि जिस राजनैतिक दल में हम काम करते है वह राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिये काम करता है, देश उसकी प्राथमिकता में है पार्टी बाद में, गरीब कल्याण और विकास उसकी प्राथमिकता है कार्यकर्त्ताओं का स मान होता है किसी परिवार के लिये नहीं बल्कि हम देश की भलाई के लिये काम करते है । भाजपा के नेतृत्व ने सत्ता में आने के बाद ऐसे काम किये है जिससे देश का गौरव बढा है । यह हमारा सौभाग्य है कि हम ऐसे राजनैतिक दल के कार्यकर्त्ता है । हमारे नेतृत्व ने ऐसे काम किये है इसलिये आज आवश्यक है कि देश हित में हम उस राजनैतिक दल की ताकत बने और पूरे विधानसभा में भाजपा की मजबूती के लिये एक एक बूथ पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिये जुट जाये ।

## हम पार्टी की ताकत बने और चारो विधानसभाओं में जिताने के संकल्प के साथ जुटे

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सरकार ने जनकल्याण और विकास के जिले में ऐसे काम किये है जिनकी अन्य राजनैतिक दलों से कल्पना नहीं की जा सकती । श्री दुबे ने अनेक योजनाओं के आंकडे भी अपने संबोधन के दौरान दिये ।

सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर भ्रम फैलाने का काम कर रही है उसने अपेन पंद्रह माह के शासन में सिवनी का जितना अधिक नुकसान किया है उसके लिये उसे माफ नहीं किया जा सकता । श्री राय ने कहा कि कमलनाथ की सरकार आते ही उन्होंने मेडीकल निर्माण की राह में रोड़ा अटकाया , पेंच नहर के निर्माण में बाधक बने और लूटने का काम किया । कांग्रेस ने देश को लूटने का हमेशा काम किया है उसके मन में जनकल्याण और विकास का कोई भाव नहीं है ।

वरिष्ठ नेता वेदसिंह ठाकुर ने कहा कि अब केवल एक जुटता और समन्वय के साथ भाजपा को जिताने के लिये हमे कार्य करना है भाजपा को सबसे बडा राजनैतिक दल बनाने में चार पीढ़िया खप चुकी है और अब देश में हर ओर भाजपा का परचम दिख रहा है अपने पूर्वजो की मेहनता को ऊचाईयाँ देने का समय है ।

कार्यक्रम मे विधानसभा क्षेत्र के दो हजार से अधिक कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष वैभव पवार, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व जिलाध्यक्ष सुजीत जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष सुदर्शन बाझल पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी, विधानसभा संयोजक श्रीनिवास मूर्ति, विधानसभा विस्तारक दीपक कामडे जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी, महिला मोर्चा की महाराष्ट्र प्रदेश सचिव मंचासीन रहे । कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर ने किया ।

## बाघ के हमले से गाय चराने गया व्यक्ति घायल

### विधायक अर्जुन सिंह ने समुचित उपचार की व्यवस्था कर आर्थिक सहायता के साथ नौकरी देने की मांग

कुरई यशोः - कुरई क्षेत्र के पिपरवानी का रहने वाला कृष्णगोपाल जामुनपाने गाय चराने का काम करता है पिपरवानी और परास पानी के बीच दोपहर लगभग 3ः00 बजे जानवर चराते समय में बाघ ने उसको पर हमला किया, उसकी बाघ से लड़ाई दोनों हाथ टूट गए और और ये गिर पड़ा, गिरने के बाद बाघ ने पंजे से वार किया, तभी वह आसपास मौजूद लोग आवाज आने पर उसको बचाने के लिए दौड़े तो बाघ भाग गया, इसके परिवार में दो बेटी और दो बेटे हैं। यह परिवार का एकलोता कमाने वाला था जिससे परिवार चलाता था, घटना की जानकारी मिलते ही विधायक अर्जुन सिंह



काकोडिया द्वारा तत्काल के कुरई अस्पताल पहुंचकर पीड़ित की हालचाल जानकर समुचित उपचार की व्यवस्था की, कुरई से उसे उचित उपचार के लिए सिवनी रेफर किया गया, घटना के बाद विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया द्वारा डीएफओ साउथ महिवाल से बात कर पीड़ित का इलाज के साथ-साथ उसे आर्थिक सहायता प्रदान कर इस पीड़ित परिवार के सदस्य को वन विभाग में नौकरी देने की बात कही, ताकि परिवार के भरण पोषण वाले के व्यक्ति के हमले पर घायल होने पर उसके घर मे रोजी-रोटी की व्यवस्था हो सके।



## लोपा मंडलम के व्यक्तियों ने कांग्रेस की सदस्यता ली

छपारा यशोः- केवलारी विधानसभा क्षेत्र के लोपा मंडलम के अंतर्गत ग्राम सरेखा,मुनगापार,एवं धानागड़ा के साथियों ने ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी के गृह ग्राम बर्रा पहुंचकर कांग्रेस की रीति नीति एवं विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी केवलारी के पदाधिकारियों के साथ सदस्यता ग्रहण करने वाले साथियों का तिलक लगाकर पार्टी के गमछे भेंट कर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

सदस्यता ग्रहण करने वाले साथी प्यारे लाल चंदेल जी,दिनेश पांडे जी,मदन साहू जी ,सोमचन्द्र श्रीवास जी,अंतराम साहू जी,महेंद्र कुमार दूबे जी,टक्कन सिंह साहू जी,श्रीचन्द्र चंदेल जी धनिराम साहू जी,मुकेश डेहरिया जी, दीपक ठाकुर जी,कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की ।

## भाजपा नेताओं ने तीर्थ यात्रियों को स मान सहित किया विदा

सिवनी यशोः- प्रदेश सरकार के यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रारंभ की गयी तीर्थ दर्शन योजना के तहत बुधवार को बड़ी सं या में तीर्थ दर्शन हेतु यात्रियों को सिवनी रेल्वे स्टेशन से विदा किया गया । भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने तीर्थ दर्शन हेतु रवाना हो रहे यात्रियों को इस ऐतिहासिक क्षण के बार में बताया कि सिवनी जिला मु यालय में तीर्थ दर्शन हेतु यात्रियों को रेल मार्ग से रवाना का यह पहला अवसर है इसके पूर्व भी तीर्थ दर्शन हेतु सिवनी से यात्री रवाना हुये है परंतु उस समय हमारे यहाँ रेल मार्ग निर्माणाधीन था योजना के प्रारंभ होने के बाद सिवनी से पहला अवसर है ।

सिवनी रेलवे स्टेशन से द्वारिकापुरी के लिए तीर्थ यात्रियों को स मान पूर्वक विदा किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आलोक दुबे विधायक दिनेश राय मुनमुन , पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, प्रेम तिवारी, राजेश त्रिवेदी, आनंद शर्मा,लालू राय, पार्षद श्री गोलू पंडित, निरंजन मिश्रा, प्रवीण पप्पी भारद्वाज राज ठाकुर, मेहताब सिंह, धीरसिंह भलावी , ओम राजपूत,मनीष राय सहित कार्यकर्ताओं ने विदाई दी



## धरना प्रदर्शन कर फूंका गया जेहादियों का पुतला

सिवनी यशोः- विगत 31जुलाई को हरियाणा मेवात नूहं में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जलाभिषेक यात्रा पर मुस्लिम जेहादियों द्वारा योजनाबद्ध तरीके गोलीबारी कर हथियारों से हमला किया गया, जिसमें मुस्लिम जेहादियों द्वारा बजरंग दल के 2 कार्यकर्ताओं, 2 पुलिसकर्मियों एवं 3अन्य हिन्दुओं की निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी गई, जिसके विरोध में बुधवार 2 अगस्त को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग



दल के तत्वाधान में स पूर्ण देश में अखिल भारतीय स्तर पर जिला केन्द्रों पर धरना प्रदर्शन कर इस्लामिक जेहाद का पुतला दहन कर हमले में शहीद हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं/ पुलिसकर्मी एवं अन्य यात्रियों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। संगठन के दिग्विजयसिंह राजपूत ने बताया कि सिवनी मु यायल में कचहरी चोक में दोपहर 2 बजे बड़ी सं या में विश्व हिंदू परिषद व बजरग दल के कार्यकर्ता एकत्र हुए, जहां हरियाणा सरकार से इस्लामिक जेहादियों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की मांग की गई। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद विभाग सहमंत्री दिग्विजय सिंह राजपूत, विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह चौहान, विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री सुर्या जंघेला, बजरंग दल विभाग संयोजक देवेन्द्र सेन, बजरंग दल जिला संयोजक माधव दुबे, विश्व हिन्दू परिषद जिला सहमंत्री दीपक यादव, विश्व हिन्दू परिषद जिला कोषाध्यक्ष अंकित मालू, बजरंग दल जिला सहसंयोजक अतुल निर्मलकर सहित बड़ी सँ या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जबरन नॉलेज




## मतदाता सूची प्रारूप का हुआ प्रकाशन

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता ने बुधवार 02 अगस्त कले ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के संबंध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन पर चर्चा की। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए कहा कि मु ?य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया है। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त तक सभी मतदान केंद्रों में दावा आपत्ति का निराकरण बीएलओ के माध्यम से किया जाएगा तथा 3 से 10 अगस्त तक से टर अधिकारी अपने से टर के मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का वाचन करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि 4 अे टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिले के सभी मतदान केंद्रों की मतदाता सूची की एक प्रति सौंपी गई। इस दौरान अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चनाप, एसडीएम सिवनी सुश्री मेघा शर्मा, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से आजम दिवान, भारतीय जनता पार्टी से संजय सोनी, क युनिष्ट पार्टी से अनिल सल्लाम, सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधी उपस्थित थे।

## कृषक फसल बीमा की अंतिम तिथि 16 अगस्त

सिवनी यशोः- उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ- 2023 में ऋणी /अऋणी कृषकों का प्रीमियम नामे कर बीमा करने की समयावधि बढाकर 16 अगस्त 2023 कर दी गई है। इच्छुक कृषक उक्त तिथि के पूर्व अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करवा सकते हैं। योजना सभी कृषकों हेतु स्वैच्छिक की गई है। अल्पकालिक फसल ऋण प्राप्त करने वाले कृषकों की फसलों का बीमा संबंधित बैंक द्वारा किया जावेगा। अऋणी कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा बैंकों के माध्यम से करवा सकते हैं। अऋणी कृषक हेतु आवश्यक दस्तावेज हैं- 1. फसल बीमा प्रस्ताव फार्म, 2. आधार कार्ड 3. पहचान पत्र 4. भू-अधिकार पुस्तिका 5. बुआई प्रमाण पत्र, पटवारी या ग्राम पंचायत सचिव द्वारा जारी।

भारत सरकार द्वारा खरीफ 2023 से सभी कृषकों हेतु योजना को स्वैच्छिक किया गया है। जो कृषक अपनी फसलों का बीमा नहीं करवाना चाहते हों, वे बीमांकन की अंतिम तिथि से 07 दिवस पूर्व संबंधित बैंक में लिखित आवेदन कर निर्धारित प्रपत्र में भरकर योजना से बाहर जा सकते हैं।

## अवैध शराब के विरूद्ध सतत जारी है कार्यवाही

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशों के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु सतत कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में आबकारी विभाग के दल द्वारा 24 जुलाई से 30 जुलाई तक वृत्त उत्तर में 3 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 230080/- अनुमानित मूल्य की 42 ब.ली.मदिरा एवं 2200 किग्रा महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इसी तरह वृत्त दक्षिण में 6 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 5420/- रू. मूल्य की 18.5 ब.ली. मदिरा, वृत्त शहर में 3 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 4344/- रूपये की 13.6 ब.ली. मदिरा, वृत्त लखनादौन में 4 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 4253/- रूपये की 14.48 ब.ली. मदिरा एवं वृत्त घंसौर में 2 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 1308/- रूपये अनुमानित मूल्य की 5.3 ब.ली. मदिरा जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

# संस्कृति, परंपरा और स्वभाषा के लिये समर्पित जीवन : भारत विभाजन के विरुद्ध थे भारत रत्न स मान भी


**सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पुरुषोत्तम दास टंडन जी की जयंती**

**-रमेश शर्मा**

सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन एक ऐसे राजनेता थे जिन्होंने राजनैतिक सक्रियता के साथ भारत राष्ट्र के सामाजिक जीवन में नयी चेतना जगाने का काम किया। वे भारत विभाजन के विरोधी थे और राजकाज की भाषा हिन्दी बनाने के पक्षधर थे। स्वतंत्रता के बाद उनका अधिकांश जीवन हिन्दी सेवा के लिये समर्पित रहा। 1948 में देवहरा बाबा ने उन्हें राजर्षि की उपाधि प्रदान की और 1961 में भारतरत्न से स मानित किया।

वे एक ऐसे राजनेता थे जिनकी प्राथमिकता भारत राष्ट्र के सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप राजव्यवस्था के पक्षधर थे। वे अंग्रेजी, हिन्दी, और संस्कृत के साथ तेरह भारतीय भाषाओं के जानकार थे और दोनों हाथों से एक साथ एक गति से लिख सकते थे। वे भारतीय समाज से अंध विश्वास से मुक्ति के पक्षधर थे, इसके लिये उन्होंने देश व्यापी यात्राएँ कीं, सभा स मेलन किये। उनकी दिनचर्या और आहार बहुत संयमित थी।

वे आदर्श समाजसेवी, उत्कृष्ट लेखक, प्रभावी वक्ता और सफल पत्रकार थे। टंडन जी अपनी स्वभाषा के प्रति कितने समर्पित थे इसके लिये एक ही उदाहरण पर्याप्त है कि जब 1950 में वे कांग्रेस के सभापति चुने गए तो उन्होंने अपना अभिभाषण हिन्दी में दिया। कांग्रेस के इतिहास में वे पहले सभापति थे जिन्होंने हिन्दी में अपना वक्तव्य दिया। जिसका अनुवाद स पूर्णानन्द जी ने किया था। ऐसे उद्भट विद्वान पुरुषोत्तम दास जी टंडन का जन्म 1 अगस्त 1882 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुआ। पिता शालिगराम जी टंडन शासकीय सेवा में थे। माता जानकी देवी भारतीय परंपराओं के लिये समर्पित और भगवान श्रीकृष्ण की भक्त थीं। परिवार सामान्य था पर उच्च शिक्षा और साँस्कृतिक मूल्यों का समर्थक था। पुरुषोत्तम दास से एक बहन बड़ी तुलसा बाई और छः वर्ष छोटे भाई राधानाथ टंडन थे। पुरुषोत्तम दासजी ने 1894 में प्रयागराज के सिटी एंग्लो वर्नो यूलर विद्यालय से मिडिल की परीक्षा उत्तीर्ण की। बचपन से उनके भीतर स्वत्व के संस्कार कितने प्रबल थे इसका अनुमान एक घटना से स्पष्ट होता है जब वे बमुश्किल दस वर्ष के होंगे। एक बार घूमते समय एक अंग्रेज लड़के से कुछ कहा सुनी हो गयी,




उन्होंने आव देखा न ताव उस अंग्रेज लड़के को पीट दिया। उस लड़के के समर्थन में कुछ अंग्रेज लड़कों का झुण्ड आ गया लेकिन पुरुषोत्तम दास बिल्कुल न घबराये उन्होंने अपने स्कूल और मोहल्ले के सभी लड़कों को एकत्र कर लिया जिससे उन सभी अंग्रेज लड़कों को भागना पड़ा।

1897 में उन्होंने मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की और इसी उनका विवाह चन्द्रमुखी देवी से हुआ । 1899 में उन्होंने इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की और इसी के साथ वे कांग्रेस से जुड़े। आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने योर सेण्ट्रल कॉलेज में प्रवेश लिया, वह कालेज में क्रिकेट टीम के कप्तान भी बने किंतु स?वाधीनता आँदोलन में सक्रियता के कारण उन्हें कालेज से निष्कासित कर दिया गया। 1903 पिता का निधन हुआ तो परिवार चलाने का दायित्व भी आया। तब स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रियता कम कर कुछ जीविकोपार्जन और बीए की पढ़ाई पूरी करने करने का निर्णय लिया। वे स्वाधीनता आँदोलन से सक्रिय सहभागिता से भले दूर हुये पर स्वाधीनता का संकल्प कम न हुआ। उन्होंने 1905 में बीए किया और इसी वर्ष न केवल स्वयं स्वदेशी वस्तुएँ अपनाने का संकल्प लिया अपितु युवाओं के बीच स्वदेशी का प्रचार आरंभ किया। वे काँग्रेस के आयोजनों से तो 1899 में ही जुड़ गये थे पर विधिवत सक्रियता 1906 से शुरु हुई और वे पहली बार कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुये। इस बीच उन्होंने लेखन कार्य भी प्रार भ किया और विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में उनकी रचनाएँ प्रकाशित होने लगीं। 1907 में वकालत पास की और इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वकालत करने लगे ।

अपनी सक्रियता से उनका समाज और कांग्रेस दोनों में महत्व बढ़ता रहा और 1919 में जलियांवाला बाग हत्याकाँड हुआ तो काँग्रेस पार्टी द्वारा गठित अध्ययन समिति में उन्हें सदस्य बनाकर भेजा गया. 1920 में गाँधी जी के आव्हान पर आरंभ हुये असहयोग आन्दोलन में टंडन जी बहुत सक्रियता से सहभागी बने, बंदी बनाये गये पर चेतावनी देकर छोड़ दिये गये। 1930 में सविनय अवज्ञा आन्दोलन में गिर तार हुए और कारावास मिला। उनके साथ गिर तार होने वालों में पं जवाहरलाल नेहरू भी थे. 1934 में वे बिहार किसान सभा के अध्यक्ष बने तथा 1937 से 1950 तक उत्तर प्रदेश विधान सभा प्रवक्ता पद पर रहे ।

1937 में धारा सभाओं के चुनाव हुए। इन चुनावों में उत्तर प्रदेश सहित सात में प्राँतों में कांग्रेस को बहुमत मिला। पार्टी ने इसका श्रेय टण्डन जी को दिया। इस चुनाव में टंडन जी प्रयाग से खड़े हुये और निर्विरोध विजयी हुये और धारा सभा के सर्वस मत से अध्यक्ष चुने गए। अगस्त 1942 में अंग्रेजो भारत छोड़ो आँदोलन आरंभ हुआ। टंडन जी पुनः गिर तार हुए और दो वर्ष जेल में रहे, यह उनकी सातवीं जेल यात्रा थी. 1946 में संविधान सभा के सदस्य बने, वह 1952 में लोकसभा के तथा 1957 में राज्य सभा के सदस्य निर्वाचित हुए।

**भारत विभाजन और हिन्दी पर मतभेद-**

निसंदेह वे काँग्रेस के एक कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता थे पर उनके लिये राष्ट्र संस्कृति और स्वाभिमान सर्वोपरी था। 1946 के बाद उनके कांग्रेस में मतभेद आरंभ हुये। पहले मतभेद का कारण काँग्रेस द्वारा भारत विभाजन का प्रस्ताव स्वीकार कर लेना था, दूसरा टंडन जी स्वतंत्र भारत के संविधान से वे सभी प्रावधान हटा देना चाहते थे जो अंग्रेजों ने बनाये थे किन्तु यह संभव न हो सका और जब काँग्रेस कार्य समिति में भारत विभाजन का प्रस्ताव आया तो उन्होंने खुलकर विरोध किया। तीसरा विषय राष्ट्रगान का था, वे वंदेमातरम को राष्ट्रगान बनाना चाहते थे और चौथा विषय हिन्दी का था। टंडन जी हिन्दी को स्वत्व और स्वाभिमान का माध्यम मानते थे। वे हिन्दी को स्वतंत्र भारत की संपर्क भाषा बनाना चाहते थे और कहते थे कि हिन्दी स्वतंत्रता प्राप्त करने का साधन है और बाद में स्वतंत्रता बनाये रखने का आधार ।÷ टंडन जी ने ग्वालियर के वि टोरिया महाविद्यालय में हिंदी के व्या याता भी रहे । तब श्री अटल बिहारी वाजपेई इसी महाविद्यालय के छात्र थे। होश संभालने के साथ हिन्दी के प्रति उनका समर्पण गहरा होता गया.

10 अे टूबर 1910 को काशी हिन्दी साहित्य स मेलन की स्थापना हुई तो महामना मदनमोहन मालवीय अध्यक्ष बने और टण्डन मंत्री नियुक्त हुए। बाद में यह संस्था देश व्यापी बनी और टण्डन जी ने हिन्दी विद्यापीठ प्रयाग की स्थापना की। इस पीठ का उद्देश्य हिन्दी शिक्षा का प्रसार और अंग्रेजी के वर्चस्व को समाप्त करना था। स मेलन हिन्दी की अनेक परीक्षाएँ आयोजित करता था। इस संस्था ने दक्षिण भारत में भी हिन्दी का प्रचार प्रसार किया। स मेलन के कार्यों का प्रभाव महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में भी पड़ा, अनेक शिक्षण संस्थाओं ने हिन्दी पाठ्यक्रम आरंभ किये। संविधान सभा में जब राजभाषा का प्रश्न आया तो उस समय एक विचित्र स्थिति थी। टंडन जी ने बहुत प्रभावशाली ढंग से हिन्दी का पक्ष रखा पर पं0 नेहरू और डॉ? राजेन्द्र प्रसाद तथा अन्य अनेक नेता हिन्दुस्तानी अर्थात मिली जुली भाषा के पक्षधर थे, पर टण्डन जी अपनी बात पर दृढ़ रहे और झुके नहीं संविधान सभा में चार दिन बहस के बाद हिन्दी और हिन्दुस्तानी को लेकर मतदान हुआ, हिन्दी को 63 और हिन्दुस्तानी को 32 मत मिले। अन्ततः हिन्दी राष्ट्रभाषा और देवनागरी राजलिपि घोषित हुई। हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के साथ राष्ट्र गान पर भी उनके मतभेद हुये। टंडन जी ने 'वन्देमातरम्' गीत को राष्ट्रगीत स्वीकृत कराने के लिए देश व्यापी अभियान चलाया। करोड़ों लोगों के हस्ताक्षर लिये। हजारों प्रमुख लोगों के समर्थन पत्र एकत्र किए थे। पर वे सफल न हो सके ।।

# बूंदी, नाथद्वारा और पहाड़ी शैली की पुराणों पर आधारित चित्रकथाओं से सजेगा त्रिवेणी संग्रहालय

## *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 103वें एपिसोड में खुशी जाहिर की*

भोपाल । उज्जैन के त्रिवेणी संग्रहालय में पुराणों पर आधारित आकर्षक चित्रकथाएँ देखने को मिलेंगी। यहाँ देश के 18 चित्रकार चित्रकथाएँ बनाने में जुटे हैं। ये चित्र बूंदी शैली, नाथद्वारा शैली, पहाड़ी शैली और अपभ्रंश शैली जैसी कई विशिष्ट शैलियों में बनेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 103वें एपिसोड में त्रिवेणी संग्रहालय में चल रहे इस काम की चर्चा करते हुए खुशी जाहिर की थी।

**या विशेष है त्रिवेणी कला संग्रहालय में ?**

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा भारतीय सनातन संस्कृति के अनादिदेव शिव, शक्ति स्वरुपा भगवती दुर्गा और लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण के विविध कथा आ यानों को पुरातन तथा वर्तमान समय की कलाओं के माध्यम से सृजित करने का प्रयास किया गया है। यहाँ सनातन परंपरा की तीन शाश्वत धाराओं को समावेशित किया गया है।

उज्जैन में इन तीनों ही ज्ञान परंपराओ के प्रत्यक्ष प्रमाण यथा महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, हरसिद्धी शक्तिपीठ और श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली सान्दीपनि आश्रम के रुप में देखे जा सकते हैं। उज्जयिनी के इसी पौराणिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 2016 में आयोजित सिहंस्थ महाकुंभ के अवसर पर इस संग्रहालय की स्थापना की गई। इसका यह नाम %त्रिवेणी% इन तीनों ही परंपराओं के समावेश को परिलक्षित करता है। त्रिवेणी शैव, शाक्त व वैष्णव परंपराओं पर आधारित कला विविधताओं का ललित संसार है। संग्रहालय में क्रमशः शैव, शाक्त व वैष्णव दीर्घाओं के माध्यम से पुरातात्विक प्रतिमाओं एवं सांस्कृतिक प्रतिकृतियों का समावेश बहुविध भारतीय कलारूपों में किया गया है। पुरातत्व की दीर्घाओं में मालवांचल के क्षेत्रों से एकत्रित किए गए शिल्प, सिक्के आदि महत्वपूर्ण पुरावेश उनकी समकालीन विशेषताओं के साथ प्रदर्शित हैं। यहाँ शैवायन, कृष्णायन और दुर्गायन दीर्घाओं में क्रमशः शिव, देवी और विष्णु (कृष्ण) से संबंधित पुरातन मूर्तियों और प्रतीकों को सुरक्षित ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

**नंदी की प्रतिमा मु य आकर्षण का केन्द्र**

शिव दीर्घा में स्थित खड़े नंदी की 2000 साल पुरानी प्रतिमा मु य आकर्षण का केन्द्र है जो हमारे अतीत के कला मनीषियों की अतुलनीय प्रतिभा की परिचायक है इसके अतिरिक्त यहाँ की मूर्तियों और शिल्पों के माध्यम से उज्जयिनी में पुरातन समय से ही शैव मत की महत्वता को समझा जा सकता है। प्रथम तल पर स्थित दीर्घाओं को भी त्रिवेणी की प्रकृति के आधार पर तीन भागों (शैव, शाक्त और वैष्णव) में विभक्त किया गया है किन्तु यहाँ महत्वपूर्ण भारतीय पुराणों / ग्रन्थों पर आधारित कथा आ यानों और ऐतिहासिक घटनाओं का प्रदर्शन, भारत की पारंपरिक चित्रशिल्प शैलियों के माध्यम से किया गया है। शिव दीर्घा में विक्रमादित्य के कालखण्ड की उज्जयिनी को दिखाया गया है। शिव पुराण में वर्णित कथाओं का प्रदर्शन हिमाचल प्रदेश की बसोहली, कांगड़ा, गुलेर चित्र शैलियों के माध्यम से किया गया है। इसी प्रकार शक्ति और श्री कृष्ण की दीर्घाओं में पश्चिम बंगाल और उड़ीसा के चित्रों तथा शिल्पों का समावेश है। यह सभी आ यान, शिल्प और प्रतीक हमें न सिर्फ सनातन संस्कृति की परंपराओं, धार्मिक क्रियाओं तथा मान्यताओं से अवगत कराते हैं बल्कि इनके भीतर के उन गूढ़ रहस्यों को भी उजागर करते हैं जो हमारे पूर्वजों ने पुराणों में संजोए है।

# कर्मचारियों के हितों के लिए कृतसंकल्पित है शिवराज सरकारः भगवानदास सबनानी

**कर्मचारियों को 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता देकर सरकार ने निभाया वादा**

**6 नए आईटीआई और युवा कला फैलोशिप शुरू करने का निर्णय सराहनीय कदम**

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्री भगवानदास सबनानी ने मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र के समान ही 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने और प्रदेश में 6 नए आईटीआई खोले जाने के निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के कर्मचारियों के लिए ऐतिहासिक दिन है। शिवराज सरकार ने कर्मचारियों को 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता देकर उनसे किया गया वादा निभाया है। कर्मचारियों को जनवरी से जून तक महंगाई भत्ते का एरियर 3 समान किस्तों में दिया जाएगा। यानि इसी महीने से उन्हें यह राशि मिलने लगेगी। यह प्रदेश की भाजपा सरकार है जो कहती है वह करती भी है।

श्री सबनानी ने कहा कि छठवां वेतनमान प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को भत्ते में भी समानुपातिक वृद्धि करने एवं प्रदेश में 6 नए आईटीआई खोलने का निर्णय स्वागत योग्य कदम है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने युवा कला और प्रशिक्षण फैलोशिप को मंजूरी और एक हजार युवा कलाकारों को 10 हजार रुपए महीना देने का निर्णय लेकर युवा कलाकारों को मु यधारा से जोड़ने का काम किया है।

प्रदेश महामंत्री श्री भगवानदास सबनानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गरीबों का जीवन बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और संपन्न बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। मु यमंत्री जी ने पिछले दिनों 55 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर उनसे किया गया वादा निभाया है, वहीं प्रदेश के 78641 मेधावी विद्यार्थियों को लगभग 196 करोड़ की राशि लैपटॉप के लिए उनके खातों में भेजकर उन्हें तकनीकी रूप से दक्ष बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम उठाया। आज कर्मचारियों को डीए और युवा कलाकारों के कला फैलोशिप शुरू कर उनका जीवन बदलने का काम किया है।

# शासकीय कार्यक्रमों और योजनाओं में जन अभियान परिषद की पूरी भागीदारी हो - मु यमंत्री

**हरियाली तीज पर 19 अगस्त को होगा वृहद वृक्षारोपण**

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अंकुर अभियान में लोगों को निरंतर जोड़ा जाए। हरियाली तीज के अवसर पर 19 अगस्त को वृक्षारोपण का वृहद कार्यक्रम निर्धारित किया जाए। शासकीय कार्यक्रमों और योजनाओं के क्रियान्वयन में जन अभियान परिषद, प्रस्फुटन समितियों और नवांकुर संस्थाओं की पूरी भागीदारी सुनिश्चित होना चाहिए। परिषद के रिक्त पदों की भर्ती के लिए केबिनेट में प्रस्ताव रखा जाएगा। ब्लॉक कोर्डिनेटर के पद शीघ्र भरे जाएंगे। मु यमंत्री श्री चौहान आज निवास स्थित समत्व भवन में जन अभियान परिषद की शासी निकाय की 13 वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग, मु य सचिव श्री इकबाल सिंह बैस, जन अभियान परिषद के पदाधिकारी तथा संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**प्रदेश में 24 हजार प्रस्फुटन समितियों से ढाई लाख लोग जुड़े**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 24 हजार प्रस्फुटन समितियां हैं, जिनसे ढाई लाख लोग सीधे जुड़े हुए हैं। रोड मैप बनाकर इन प्रस्फुटन समितियों से शासकीय कार्यों में योगदान लिया जाए। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि परिषद के कर्मचारियों की वेतन विसंगतियां दूर करने की कार्यवाही की जाए।



**शासकीय अभियानों में जन अभियान परिषद का सहयोग जारी**

बैठक में बताया गया कि शासकीय अभियानों में जन अभियान परिषद लगातार सहयोग कर रही है। परिषद द्वारा विशेष रूप से मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना, अंकुर अभियान, एकात्म यात्रा, सिकल सेल जन जागरूकता और पेसा जन जागरूकता में उल्लेखनीय योगदान दिया गया है। इसके अतिरिक्त ऊर्जा साक्षरता अभियान, एमपी डिजिटल युवा अभियान, नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, नशा मुक्ति अभियान, मु यमंत्री जन सेवा अभियान, यूथ महापंचायत, वोटर आईडी से आधार कार्ड जोड़ने का कार्य और हर घर तिरंगा अभियान में भी परिषद ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**नवांकुर संस्थाओं की शासकीय कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका हो**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हर विकास खंड में नवांकुर संस्थाओं की शासकीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नवांकुर संस्थाओं द्वारा प्रदेश में सतत विकास लक्ष्य 2030 की प्राप्ति के लिए प्रस्फुटन समितियों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान कर शासन का सहयोग लगातार किया जा रहा है। प्रत्येक विकास खंड में नवांकुर संस्थाओं का चयन और क्षमता वर्धन किया जा रहा है। प्रदेश में कुल एक हजार 565 नवांकुर संस्थाएँ कार्य कर रही हैं।

## नगरीय निकायों को आवारा पशुओं पर नियंत्रण के निर्देश जारी

**10 दिन में बनेगी मानिटरिंग कमेटियाँ**

भोपाल। प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीरज मंडलोई ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संभागीय संयुक्त संचालकों और समस्त नगर निगमों के आयुक्तों को नगरीय निकायों के मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं तथा कुत्तों की रोकथाम के निर्देश जारी किए हैं। श्री मंडलोई ने कहा है कि सभी निकायों में रजिस्ट्रीकरण तथा आवारा पशुओं का नियंत्रण नियम 2023 को प्रभावी ढंग से लागू किया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कोई आवारा पशु सार्वजनिक मार्गों और स्थानों पर विचरण करते हुए न पाया जाये। अवारा कुत्तों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए भी प्रत्येक निकाय में 10 दिवस में मॉनिटरिंग समिति गठित करने के निर्देश भी दिए गए हे। संभागीय संयुक्त संचालक और आयुक्त नगर निगम द्वारा इस संबंध में की गई कार्यवाही का विवरण प्रत्येक माह की 10 तारीख तक आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास कार्यालय भेजा जायेगा ताकि माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जा सके।

# चैतन्य के प्रकाश से ही सब कुछ प्रकाशित होता है- स्वामिनी स्वात्मविद्यानन्द सरस्वती

## आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा शंकर व्या यानमाला का आयोजन




भोपाल। संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन के आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा शंकर व्या यानमाला का आयोजन किया गया। दक्षिणामूर्ति विषय पर स्वामिनी स्वात्मविद्यानन्द सरस्वती जी, आर्ष विद्या गुरुकुलम् अमरीका ने व्या यान देते हुए दक्षिणामूर्ति का स्वरूप तथा दक्षिणामूर्ति स्तोत्र के माध्यम से वेदान्त के सिद्धान्तों को समझाया।

**शिव के ज्ञान स्वरूप हैं दक्षिणामूर्ति-**

दक्षिणामूर्ति भगवान् शिव का एक स्वरूप है। अपने मौन व्या यान से ही शिष्यों के सारे संशय दूर कर देते हैं इसलिये यह शिव का ज्ञान-दातृ गुरुस्वरूप माना जाता है। दक्षिणामूर्ति की स्तुति के लिये जगद्गुरु श्री आदि शंकराचार्य ने दश श्लोकों के एक स्तोत्र की रचना की है जो अपने आप में अद्भुत है। इस स्तोत्र में वेदान्त के सिद्धान्तों को जाननेवाले गुरुस्वरूप श्री दक्षिणामूर्ति को नमस्कार किया गया है। जैसे एक दर्पण में दिखाई देने वाला विश्व सत्य नहीं होता है वैसे ही यह दृश्यमान जगत भी माया से अपने अन्तःकरण में ही प्रतिबिंबित होता है।

इस व्या यान का सीधा प्रसारण न्यास के यूट्यूब चैनल एकात्म धाम पर किया गया। न्यास द्वारा प्रतिमाह अद्वैत वेदांत का ज्ञान सामान्य रूप से जनमानस को समझाने के लिए शंकर व्या यानमाला का आयोजन किया जाता है। न्यास द्वारा ओमकारेश्वर में एकात्मता का वैश्विक केंद्र - %एकात्म धाम% विकसित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 108 फीट ऊंची आदि शंकराचार्य जी की %एकात्मता की प्रतिमा%, अद्वैत लोक शंकर संग्रहालय तथा आचार्य शंकर अंतरराष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान की स्थापना की जा रही है।

# मध्य भारत में बढ़ रहा है संघ कार्य - अशोक अग्रवाल

## मध्य भारत में 1546 स्थानों पर चल रही हैं 2530 संघ शाखाएं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य भारत प्रांत की दो दिवसीय प्रांत बैठक नर्मदापुर में हुई, कार्य को और गति देने की बनी योजना

भोपाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत की दो दिवसीय प्रांत बैठक 29ङ्क30 जुलाई को नर्मदापुर में हुई, जिसमें जिला, विभाग और प्रांत के चयनित कार्यकर्ता शामिल हुए। वर्षभर के कार्य की जानकारी देते हुए प्रांत कार्यवाह श्री यशवंत इंदापुरकर ने बताया कि वर्तमान में मध्य भारत में 1546 स्थानों पर 2530 शाखाएं चल रही हैं। पिछले वर्ष 1306 स्थानों पर 2045 शाखाएं थीं। अर्थात् पिछले वर्ष की तुलना में 240 स्थान और 485 शाखाओं की वृद्धि हुई है, जो उत्साहजनक है। इसके साथ ही 874 से बढ़कर 966 मंडल शाखायुक्त हो गए हैं। वहीं, 287 से बढ़कर 341 मंडलों में साप्ताहिक और मासिक मिलन प्रारंभ हो गए हैं.



प्रांत कार्यवाह श्री इंदापुरकर ने बताया कि कार्यकर्ताओं के विकास के लिए आयोजित होनेवाले संघ शिक्षा वर्गों में वांछित उपस्थिति रही है। इस वर्ष 32 स्थानों पर 7 दिन के प्राथमिक वर्ग संपन्न हुए। वहीं, शिवपुरी में प्रथम वर्ष (सामान्य) और बैतूल में प्रथम वर्ष (विशेष) संघ शिक्षा वर्ग संपन्न हुए।

दो दिवसीय प्रांत बैठक का उद्घाटन क्षेत्र के कार्यवाह श्री अशोक अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि मध्य भारत प्रांत में संघ के कार्य में हो रही वृद्धि उत्साहजनक है। 2025 में संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसलिए हमें लक्ष्य लेकर अपने प्रयासों को और गति देते हुए प्रत्येक मंडल तक संघ कार्य को पहुंचाना चाहिए। संघ के कार्यकर्ता पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, गोङ्कसेवा, ग्राम विकास इत्यादि क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में समाज की सहभागिता भी बड़े स्तर पर बढ़ी है। इस अवसर पर प्रांत संघचालक श्री अशोक पांडेय उपस्थित रहे।

**राष्ट्रीय कार्य से सज्जन शक्ति को जोड़ें**

मध्य क्षेत्र प्रचारक श्री दीपक बिस्पुते ने कहा कि अपनी संघ गंगा 100 वर्षों में विराट रूप में समाज में व्याप्त होती हुई दिखाई देती है। जब संघ का कार्य प्रारंभ हुआ तब हमारा कार्य अप्रासंगिक था, लेकिन कार्यकर्ताओं की भूमिका से यह कार्य बहुत प्रासंगिक हो गया है। हमें अपने कार्य की गति और बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि देशङ्कसमाज में सकारात्मक कार्य करने का एक वातावरण है। ऐसे में हमें सज्जन शक्ति को राष्ट्रीय कार्य से जोड़ने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी शाखा की सामाजिक परिवर्तन की भूमिका बननी चाहिए।

**ग्राम विकास की प्रदर्शनी का आयोजन**

ग्राम विकास के अंतर्गत किए गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन क्षेत्र कार्यवाह श्री अशोक अग्रवाल, प्रांत संघ चालक श्री अशोक पांडेय और क्षेत्र सेवा प्रमुख श्री प्रदीप खांडेकर ने किया। संघ के कार्यकर्ताओं के प्रयासों से जिन गांवों में सामाजिक समरसता, जैविक कृषि, उन्नत कृषि, भूमि सुपोषण, स्वच्छता, जल संरक्षण सहित ग्राम विकास के अन्य कार्य प्रारंभ हुए, उनकी जानकारी यहां प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर दतिया के ग्राम भरसूला पर बनाई गई डॉ यूमेंट्री भी दिखाई गई।

# ज्ञानार्जन 2.0 का हुआ शुभारंभ, कले टर ने विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

मंडला यशोः- जेईई और नीट की परीक्षा की तैयारी के लिए चयनित किए गए 120 छात्रों की 1 अगस्त से ज्ञानार्जन 2.0 के तहत कक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। यह कक्षाएं प्रातः 7 बजे से उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में तैयार किए गए 2 विशेष कमरों में आयोजित की जा रही है। शुभारंभ के अवसर पर विद्यार्थियों ने फीता काटा एवं माँ सरस्वती का पूजन किया। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना शुभारंभ के अवसर पर विद्यार्थियों से मिली एवं उन्हें मोटिवेट करते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी पूरे मन के साथ पढ़ाई पर ध्यान दें, अन्य सभी व्यवस्थाओं की ज़ि मेदारी जिला प्रशासन की है। इस दौरान उन्होंने




विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री का वितरण भी किया। कले टर ने लाइब्रेरी का अवलोकन करते हुए निर्देशित किया कि विद्यार्थियों की ज़रूरतों के अनुसार किताबें एवं अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराएं। फोटोकॉपी, नोट्स आदि के लिए समुचित इंतज़ाम सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन शिक्षा विभाग के सहयोग से ज्ञानार्जन 2.0 प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम में ज़िलेभर के श्रेष्ठ शिक्षक अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। कले टर ने सभी संबंधित को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों और शिक्षकों की आवश्यकतानुसार सभी व्यवस्था बनाकर रखेंगे।

**जोमेटो एवं बायजू ने सहयोग के लिए हाथ बढ़ाया**

ज्ञानार्जन 2.0 कार्यक्रम जैसे नवाचार के लिए ऑनलाइन कंपनी जोमेटो एवं कोचिंग संस्थान बायजू ने सहयोग के लिए हाथ बढ़ाया है। जोमेटो ने प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होने वाली कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए नाश्ते की व्यवस्था की ज़ि मेदारी ली है। इसी प्रकार प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान बायजू ने ज्ञानार्जन 2.0 के अंतर्गत जेईई और नीट की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए अपना 'प्रीमियम ऑनलाइन कोर्स' निःशुल्क उपलब्ध कराया है।

# समय-सीमा बैठक संपन्न

मंडला यशोः-कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिला पंचायत सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रेयान्स कूमट, सहायक कले टर अर्थ जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सीएम हेल्पलाईन, खाद-बीज उपलब्धता, मध्यान्ह भोजन, निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश एवं अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कले टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि विगत माह के अनुरूप सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का निराकरण जारी रखें। 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने शिकायत निवारण के लिए विभागवार लक्ष्यों की चर्चा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर नियमानुसार फोर्से लोज एवं डिमांड` लोजर की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें।

**स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर करें**

कले टर ने सभी नगरीय निकायों की निकायवार सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय शिकायत निवारण के साथ-साथ स्वच्छता सर्वेक्षण की प्रक्रिया में बेहतर कार्य करें। बैठक में कले टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की कार्यवाही को प्राथमिकता से करें। उन्होंने अपने भ्रमण के दौरान चिन्हित किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए की गई कार्यवाही की जानकारी भी ली। कले टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपने कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों की जानकारी सीईएमएस पोर्टल पर अनिवार्यतः अपडेट करें।

**खाद की उपलब्धता की ली जानकारी**

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रभारी उपसंचालक कृषि से जिले में खाद की उपलब्धता की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अब तक किए गए खाद वितरण एवं शेष खाद की सोसायटीवार जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान किसानों की मांग के अनुरूप खाद उपलब्धता की मॉनिटरिंग करें। बैठक में उन्होंने जिला कोषालय अधिकारी से डीडीओवार वेतन आहरण संबंधी रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि सभी डीडीओ संवेदनशीलता के साथ अपने अधिनस्थों का 1 तारीख को वेतन आहरण सुनिश्चित करें।

# कान्हा टाइगर रिजर्व के मंडला कोर जोन में मिला बाघ का शव

मंडला यशोः- कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला क्षेत्र के कोर जोन के अंतर्गत भैसानघाट परीक्षेत्र के खमोडी दादर बीट कक्ष क्रमांक 240 में वन कर्मचारियों को गश्त के दौरान मृत वन्य प्राणी का सड़ा गला शव दिखाई दिया। परीक्षण के बाद पाया गया की यह शव बाघ का है और यहां शव तकरीबन 8 से 10 दिन पुराना है साथ ही साथ यह पूरी तरह से सड़ चुका है ।

शव मिलने के बाद कर्मचारियों द्वारा इसकी जानकारी कान्हा टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक एवं उप संचालक को दी गई। जानकारी मिलते ही अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआइना किया। टाइगर के शव की स्थिति से यह बताया गया कि



यह 8 से 10 दिन पुराना है तथा किसी अन्य जंतु द्वारा इस शव को खाया गया है। घटना क्षेत्र के आसपास हड्डियां मिली है जिन्हें एकत्र किया गया है शुरुआती परीक्षण से यह भी ज्ञात हुआ है कि टाइगर की अनुमानित आयु 18 से 24 माह की है। सोमवार को मृत टाइगर के शव को परीक्षण के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली के प्रोटोकॉल के अनुसार कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला के वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ संदीप अग्रवाल एवं एनटीसीए की प्रतिनिधि प्रिया वारेकर , क्षेत्र संचालक कान्हा टाइगर रिजर्व एसके सिंह एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में शव का परीक्षण किया गया। परीक्षण के बाद टाइगर के आवश्यक अवयव को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजकर संपूर्ण शव को वहीं जलाकर नष्ट किया गया। हालांकि टाइगर की मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पिछले कुछ सालों में कान्हा टाइगर रिजर्व से टाइगरों की मृत्यु सं या में वृद्धि हुई है जो की चिंतनीय है ।

# जनसुनवाई में राजकुमार एवं नर्मदा को मिला 5-5 हजार का चैक



मंडला यशोः- प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना के निर्देश पर शिकायतों का मौके पर ही निराकरण होने से आवेदक खुशी जाहिर कर रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई में जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप तत्काल सहायता भी उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के मण्डला विकासखंड के ग्राम खेमरखापा निवासी नर्मदा सिंगौर ने आँख के इलाज हेतु एवं मवई विकासखण्ड के ग्राम भाईबहन नाला निवासी राजकुमार ने जीवनयापन हेतु कले टर को आवेदन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से दोनों ही आवेदकों को 5-5 हजार रूपए का चैक देकर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। नर्मदा सिंगौर एवं राजकुमार ने जिला प्रशासन की इस संवेदनशील सहायता के लिए आभार व्यक्त किया है।

# जिला स्तरीय पेसा प्रशिक्षण आज

मंडला यशोः- मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार म.प्र. पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम 2022 के प्रचार-प्रसार हेतु परिषद् द्वारा मास्टर ट्रेनर का जिला स्तरीय एक दिवसीय पेसा प्रशिक्षण 3 अगस्त 2023 को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रातः 9:30 बजे किया जाना है। प्रशिक्षण में प्रातः 9:30 बजे से 3 बजे तक पेसा से संबंधित प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा 3 बजे से किसी एक पंचायत में पेसा ग्रामसभा का आयोजन किया जायेगा। प्रशिक्षण हेतु विकासखण्ड समन्वयक जनअभियान परिषद, विकासखण्ड पेसा मोबेलाईजर, ग्रामीण विकास विभाग, नवांकुर समिति प्रस्फुटन समिति सीएमसीएलडीपी के 1-1 प्रतिनिधि तथा 2 समाजसेवी, कुल 8 प्रतिनिधियों को उक्त प्रशिक्षण में स मिलित होंगे।

मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मण्डला किसी एक ग्राम पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन 3 बजे से कराना सुनिश्चित करेंगे। उक्त ग्रामसभा में ग्राम के समस्त मतदाता, पंचायत स्तरीय अधिकारी, प्रशिक्षण के सभी प्रतिभागी तथा राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

# आई लू से पीड़ित बच्चों का परीक्षण एवं देखभाल के लिए दी गई जानकारी

मंडला यशोः- सिविल सर्जन सह मु य अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि नेत्र चिकित्सा सहायक द्वारा 31 जुलाई 2023 को बालक, बालिका छात्रावास, चटुआमार एवं एकलव्य छात्रावास सेमरखापा में आई लू से पीड़ित बच्चों का परीक्षण किया गया। आई लू से पीड़ित 29 बच्चों को दवाईयां दी गई एवं बच्चों को नेत्र संबंधी देखभाल की समझाईश भी दी गई।

# मु यमंत्री युवा अन्नदूत योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशोः- जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि मु यमंत्री युवा अन्नदूत योजनांतर्गत विकासखण्ड छपारा के छपारा से टर क्रमांक- 18, विकासखण्ड केवलारी के से टर उगली क्र.06 एवं पांडिया छपारा से टर क्र.05 की उचित मूल्य दुकानों तक राशन सामग्री के परिवाहन हेतु मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत वाहन क्रय करने एवं सामग्री का परिवहन करने हेतु उक्त से टरों के इच्छुक आवेदकों से 7 अगस्त 23 तक प्रस्क्ष क्कहह्डुड्य पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# 1 अ टूबर को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले अपना नाम मतदाता सूची में ज़रूर जुड़वाएं - ज़िला निर्वाचन अधिकारी

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिलेवासियों से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अपील की है। उन्होंने कहा है कि 2 अगस्त 2023 से मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने अपनी अपील में कहा है कि 1 अ टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले अपना नाम वोटर लिस्ट में जरूर जुड़वाएं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदक को फॉर्म-6 भरना होगा, इसके अलावा नाम अथवा अन्य कोई जानकारी में संशोधन है तो फॉर्म-8 भरें और नाम काटने के लिए फॉर्म-7 भरा जा सकता है।

कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपने वीडियो संदेश में कहा है कि एक अच्छी मतदाता सूची ही सशक्त लोकतंत्र की पहचान है। मतदाता अपने क्षेत्र की मतदाता सूची का अवलोकन करके यह जांच लें कि उनका नाम मतदाता सूची में जुड़ा है या नहीं या उसमें कोई संशोधन है। उक्त स्थिति में निर्धारित फॉर्म भरकर अपने बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं या नाम संशोधन करवा सकते हैं।

# औसत वर्षा की जानकारी

मंडला यशोः- जिले में इस वर्ष 1 जून से 1 अगस्त 2023 के दौरान 587.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 582.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 4.9 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगस्त को बिछिया में 13 मि.मी., निवास में 15.8 मि.मी. तथा घुघरी में 1 मि.मी. एवं नारायणगंज में 8.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 1 अगस्त 2023 को 6.4 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# ई-केवायसी कराने में नगरपालिका में वृद्धजन हो रहे परेशान



मंडला यशोः- शासन द्वारा वृद्धजनों को हर महीने वृद्धावस्था पेंशन दी जाती है, पेंशन पाने वाले वृद्धजनों की जानकारी पोर्टल में दर्ज कराई जा रही है जिसमें आधार अपडेट, ई-केवायसी कराई जा रही है। कई वृद्धजनों ने बताया कि उम्र के इस दौर में एक-एक कदम चलना मुश्किल होता है उस पर आधार अपडेट तो ई-केवायसी के लिए भटकना पड़ रहा है। वृद्धजनों ने बताया कि आधार सेंटर से आधार अपडेट किसी तरह कराकर जब नगरपालिका पहंचते हैं तो यहां एक मात्र कर्मचारी से ई-केवायसी कराई जा रही है उनके द्वारा बहुत ही धीमी र तार से काम करने के कारण वृद्धजनों को अपनी बारी आने का लंबा इंतजार करना पड़ता है और किसी तरह बारी आई भी तो कोई न कोई कमी बताकर कल आना कहकर वापिस कर दिया जाता है। वृद्धजनों का कहना है कि इस तरह की प्रक्रिया के लिए कम से कम वार्डों में के प लगाए जाने चाहिए ताकि वृद्धजनों को यहां-वहां न भटकना पड़े। वहीं नगरपालिका में भी इस तरह के कामों के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी को लगाया जाना चाहिए इसी के साथ पूछताछ के लिए कर्मचारी तैनात किया जाए ताकि कतार में लगने से पहले जरूरी दस्तावेजों के संबंध में जानकारी ली जा सके। वहीं कुछ वृद्धजनों ने यह भी कहा कि इतने बड़े नगरपालिका परिसर में ई-केवायसी कहां हो रही है इसकी जानकारी नगरपालिका के ही कर्मचारियों को नहीं हैं, जिससे उन्हें काफी भटकना पड़ता है। वृद्धजनों ने इन परेशानियों का समाधान करने की मांग की है।

# घर-घर दस्तक देकर 24883 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई

मंडला यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 श्री नाथ सिंह ने जानकारी दी कि सघन दस्त रोग, नियंत्रण पखवाड़ा एवं दस्तक अभियान का प्रथम चरण 18 जुलाई से शुरूवात हो गया है जो 31 अगस्त 2023 तक चलेगा। इसके अंतर्गत 0 से 5 साल के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, बीमारियों की पहचान, जांच, उपचार एवं रेफरल सेवाएं दस्तक दल द्वारा प्रदान की जा रही है। इसी तारत य में एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता के द्वारा घर-घर दस्तक देकर 24883 बच्चों की स्क्रीनिंग कर 73 सेम बच्चों का चिन्हांकन किया गया 25 एनिमिक बच्चों का चिन्हांकन कर रेफर किया गया। 21396 बच्चों को विटामिन-ए पिलाया गया। डायरिया से बचाव के लिए 59 बच्चों को ओआरएस एवं जिंक की गोली दी गई एवं डायरिया प्रबंधन किया गया। निमोनिया के 6 बच्चे चिन्हांकित किये गये। डायरिया बीमारी के चिन्हांकित 59 बच्चे, निमोनिया बीमारी के चिन्हांकित 6 बच्चे एवं अन्य बीमारी के चिन्हांकित 33 बच्चे को रेफर किया गया। एनीमिक बच्चे 8649, अल्प एनीमिक 5355, मध्यम एनीमिक 3174 बच्चे चिन्हांकित किये गये तथा आई.एफ.ए. की गोलियां 8649 बच्चों को प्रदाय की गई।

# सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0-3 चरणों में होगा आयोजन

**प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त 2023 तक**

मण्डला यशोः- भारत शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण तथा मीजल्स-रूबेला वै सीन की डोज से छूटे हुए 5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकृत किये जाने हेतु प्रदेश में सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 के तीन चरण आयोजित किये जाने हैं। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 का प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त 2023, द्वितीय चरण 11 से 16 सितंबर 2023 तथा तृतीय चरण 9 से 14 अ टूबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक चरण 6 कार्यदिवसों में आयोजित किया जायेगा, जिसमें नियमित टीकाकरण दिवस (मंगलवार/शुक्रवार) भी स मिलित होंगे। अभियान अन्तर्गत टीकाकरण से वंचित 0 से 5 वर्ष आयु के ले ट-आउट/ड्रॉप आउट बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को, आशा/आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा घर-घर हेडकांउट सर्वे उपरांत, ड्यूलिस्ट अनुसार चिन्हित कर, पोर्टल के माध्यम से पंजीयन उपरांत टीकाकृत किया जायेगा।

# विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया




मंडला यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि जिला चिकित्सालय मण्डला की एनआरसी में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। इसका उद्देश्य नवजात के लिए स्तनपान के महत्व को लेकर माताओं को जागरूक करना है। विश्व स्तनपान की थीम छठस्म् ठतमेंज थ्मममकपदह डांपदह । ौँ पतमदे थत् ॅतापदह च्तमदजे है। इसका संदेश यही है कि कार्य स्थल में भी शिशु स्तनपान से वंचित न रहे और इसे एक अनिवार्य आवश्यकता मानते हुए पूरा करें। स्तनपान से बच्चों में किसी भी रोग से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। यह क्षमता इस बात पर निर्भर करती है कि जन्म से किस तरह देखरेख हुई है। बच्चे को पहले घंटे में मां का गाढ़ा पीला दूध आवश्यक है। जन्म से छह माह तक ऐ से लूसिव फीडिंग यानी केवल स्तनपान कराना चाहिए। जन्म के पहले घंटे में मां का गाढा पीला दूध शिशु के लिए प्रकृति का वरदान है जो शिशु के लिए संपूर्ण आहार है। मां यदि बच्चे को सही स्तनपान कराती है तो शिशु मृत्यु दर में 22 प्रतिशत की कमी आ सकती है।

# डाक विभाग द्वारा कोदो-कुटकी पर जारी किया गया विशेष आवरण

मंडला यशोः- अधीक्षक डाकघर ने बताया कि कोदो-कुटकी मंडला जिले के बैगा आदिवासी अंचलों में पारंपरिक रूप से उत्पादित किया जाता है। वर्तमान में कोदो-कुटकी के उपयोग की बढती लोकप्रियता से हर कोई रूबरू है। इसी क्रम में 1 अगस्त को डाक विभाग द्वारा कोदो-कुटकी पर विशेष आवरण एवं विरूपण विमोचन समारोह का आयोजन प्रधान डाकघर मंडला परिसर में हुआ। इस मौके पर माया हिरकने सहायक संचालक कृषि के मु य आतिथ्य व परमानन्द सिंगौर सहायक अधीक्षक डाकघर की अध्यक्षता में विशेष आवरण व विरूपण का विमोचन किया गया।

भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा कोदो-कुटकी के प्रसंस्करण के लिए 'एक जिला एक उत्पाद' के तहत मंडला जिले को राष्ट्रीय स्तर पर चिन्हित किया गया है। मंडला जिले का यह प्रमुख उत्पाद है, जिससे विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को तैयार किया जाता है जैसे- कोदो की खीर, कोदो-कुटकी के बिस्किट तथा चावल के रूप में खाया जाता है। कोदो कुटकी छोटे किस्म के मोटे अनाज हैं व इनमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन की उपलब्धता होती है। मंडला जिले के इस उत्पाद की मान्यता में डाक विभाग द्वारा यह विशेष आवरण जारी किया गया है।

# जिला स्थानांतरण बोर्ड का पालन नहीं

मंडला यशोः- जिला स्थानांतरण बोर्ड के निर्णय अनुसार स्थानांतरण नीति वर्ष 2023-24 में जारी निर्देशों के परिपालन में जिला स्थानांतरण बोर्ड निर्णय अनुसार पंचायत समन्वय अधिकारी मोहन सिंह परस्ते पीसीओ जनपद पंचायत मोहगांव में काफी लंबे समय से पदस्थ रहे इनकी निरंतर शिकायतें जिला स्तर पर आती रही विवावित कर्मचारी भी रहे है। कलें टर ने मोहनसिंह परस्ते पीसीओ का स्थानांतरण प्रशासनिक जनपद पंचायत नारायणगंज किया गया है। इनके स्थानांतरण में ग्राम पंचायतों के सचिवों के द्वारा मिठाईयां बाटी गई है। सचिवों ने जिला प्रशासन से अपेक्षा की है कि ऐसे कर्मचारी को दो बार इस कार्यालय में पदस्थ नहीं किया जावे।

मण्डला तहसील में एक लिपिक पदस्थ रहे जो तहसील कार्यालय कभी नहीं आते रहे उनका स्थानांतरण बिछिया ब्लाक में किया गया है। इनके द्वारा स्थानांतरण आदेश लेने से इंकार कर दिया गया है जो अनुशासनहीनता का परिचय दिया गया है उक्त कर्मचारी अण्डे का व्यापार कर रहे है जो भी नियम के विपरीत है ऐसे कर्मचारी की गणनाकर 20 वर्ष की सेवाएं या 50 वर्ष की उम्र अनिवार्य सेवा निवृत्ति का प्रस्ताव शासन को पहुंचाया जावे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297